# 4- "बारात आने से पहले लगी आग मे तबाह हुआ घर, बस्ती पुलिस ने करायी शादी "




दिनांक 13-07-16 को ग्राम उमरा खास में राम प्रसाद गुप्ता की बेटी की शादी थी घर पर शाम को ही बारात आनी थी लेकिन लगभग 3:00 बजे बारातियों का जिस स्थान पर खाना बन रहा था उसी स्थान पर बेटी को शादी में दिए जाने वाला दान का सामान डबल बेड, आलमारी, बड़ा बक्सा, छोटा बक्सा, गद्दा,तकिया आदि रखा था गैस के चूल्हे से अचानक आग लग गई जिसकी सूचना 100 न0 द्वारा रुधौली पुलिस को प्राप्त हुई इस सूचना पर SHO रणधीर कुमार मिश्र, HCP मिर्जा वहीद वेग,का0 जोखन यादव, का0 ऋषि कपूर को लेकर मौके पर पहुचें फायर सर्विस की गाड़ी भी मौके पर आ गई लेकिन तब तक खाने पीने का सामान व दान देने का सामान आग की लपट में पूर्णत: जल गया, पूरा परिवार पुलिस से लिपट कर रोने लगा ऐसे में परिवार के आंसू पोछने का कोई विकल्प नहीं होने के कारण SHO रणधीर कुमार मिश्र ने गांव के कोटेदार व ग्राम प्रधान की मदद से एवं स्वयं के द्वारा सामानों की व्यवस्था कर के शादी को सकुशल संपन्न कराया गया। इस कार्य की जनता/सोशल मीडिया द्वारा काफी सराहना की गयी है।